## खबर संक्षेप

### जीएसटी सुधारों से जनता को बंपर राहत : विधायक



**करनाल।** करनाल विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्यौहारी सीजन में जीएसटी दरों में कटौती कर आम जनता को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि अब देश में 99 प्रतिशत रोजमर्रा की वस्तुएं 5% या उससे कम जीएसटी दर में आ गई हैं। पहले 5%, 12%, 18% और 28% की चार दरें थीं, जिन्हें घटाकर अब दो मुख्य दरें – 5% और 18% – कर दी गई हैं। विधायक ने कहा कि इस कदम से न केवल आम आदमी की जेब पर बोझ कम होगा बल्कि उद्योग-व्यापार को भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने आयकर में भी छूट दी है और अब 12 लाख रुपये तक की आय टैक्स फ्री हो गई है। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के /"आत्मनिर्भर भारत/" अभियान की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल है।

### वैज्ञानिक डॉ. असीमा चटर्जी की जयंती मनाई

**कुरुक्षेत्र।** कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, कुरुक्षेत्र द्वारा कार्बनिक रसायन वैज्ञानिक डॉ. असीमा चटर्जी की जयंती उत्साह और श्रद्धा मनाई गई। इस अवसर पर केंद्र के परियोजना समन्वयक सुरेश कुमार सोनी और शिक्षा अधिकारी जीतेन्द्र कुमार दास ने डॉ. चटर्जी की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर उन्हें सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में पूनम, अध्यापक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बुंगा, अम्बाला एवं उनके विद्यार्थी ने विशेष रूप भाग लिया।

### सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हो रहा विकास

**पिहोवा।** भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्षा व जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य गीता शर्मा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तेजी से विकास की राह पर अग्रसर है। हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा 117 करोड़ की 557 परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाना इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में चल रही स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत व मुहिम को आगे आगे बढ़ाया जा रहा है।

## महाराजा अग्रसेन के जन्मोत्सव पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत, जयकारों से गूंज उठा घरौंडा

### कलश यात्रा का शुभारंभ मनीराम मंडी स्थित अग्रसेन स्थल से हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

अग्रवाल समाज की ओर से इस वर्ष महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव बड़े ही भव्य और ऐतिहासिक तरीके से मनाया जा रहा है। जन्मोत्सव की शुरुआत आज नगर में निकाली गई कलश यात्रा से हुई। अग्रवाल सभा ने बताया कि घरौंडा में पहली बार चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

कलश यात्रा का शुभारंभ मनीराम मंडी स्थित अग्रसेन स्थल से हुआ, जहां सैकड़ों महिलाओं ने मंगलगीत गाते हुए कलश उठाए। यह यात्रा रेलवे रोड से होते हुए देवी मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने फूल बरसाकर यात्रा का स्वागत किया और वातावरण "महाराजा अग्रसेन की जय" के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के दूसरे दिन यानी 24 सितंबर से अग्रवाल धर्मशाला में श्री अग्र भागवत कथा का शुभारंभ होगा। इसमें निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर श्री नर्मदा शंकर पुरी जी महाराज तीन दिन तक प्रवचन करेंगे और श्रद्धालुओं को धर्म, समाज व आदर्श जीवन की राह दिखाएंगे। वहीं 26 सितंबर को समापन अवसर पर प्रदेश के निकाय मंत्री विपुल गोयल मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे। वह अग्रवाल धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण करेंगे और समाज के लोगों को संबोधित करेंगे।

» **घरौंडा में पहली बार चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन**

» **आज से अग्रवाल धर्मशाला में श्री अग्र भागवत कथा का शुभारंभ होगा**



### हर प्रकार के भेदभाव के विरोधी थे महाराजा अग्रसेन

महाराजा अग्रसेन ने किसी भी प्रकार के भेदभाव का विरोध किया और हमेशा समानता व न्याय को प्राथमिकता दी। उनके द्वारा स्थापित आदर्श ही आज "अग्रवाल समाज" के रूप में प्रकट हैं, जो व्यापार, उद्योग और सामाजिक सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। जन्मोत्सव न केवल भक्ति व आध्यात्म का संदेश देगा बल्कि युवाओं को महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा भी प्रदान करेगा।

### महाराजा अग्रसेन के जीवन पर प्रकाश डाला

कार्यक्रम में बताया कि महाराजा अग्रसेन का जन्म अश्विन शुक्ल प्रतिपदा को हुआ था। वे वैश्य समाज के आदिपुरुष माने जाते हैं और उनका जीवन आदर्श व प्रेरणादायी है। उन्होंने अपने शासनकाल में समाज को "जीओ और जीने दो" का संदेश दिया। महाराजा अग्रसेन ने न्याय, समानता और सहयोग की ऐसी अद्वितीय परंपरा स्थापित की जो आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है। उनके सिद्धांत के अनुसार, जब भी कोई नया परिवार नगर में बसने आता था तो प्रत्येक घर से उसे एक ईंट और एक रुपया दिया जाता था। ईंट से वह अपना घर बना सकता था और रुपयों से व्यापार आरंभ कर सकता था।



घरौंडा। महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा में मोजूद पुरूष श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि



इंद्री। इंद्री मे आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह मे मुख्य अतिथि कैलाश चंद गुप्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते सभा सदस्य ।

### इंद्री मे मनाया 40वां महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह




इंद्री। इंद्री मे आयोजित महाराजा अंग्रसेन जयंती समारोह मे प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

**इंद्री।** महाराजा अग्रसेन सभा इंद्री द्वारा 40 वां महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह मैहता फार्म इंद्री मे धूमधाम से मनाया गया। जिसमें काफी संख्या में समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी कैलाश चंद गुप्ता व अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक रामकुमार कश्यप ने शिरकत की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री भीमसेन मेहता व प्रदीप कांबोज भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच का संचालन रश्मि गुप्ता ने किया। इस मौके पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया जिसे सभी ने खूब सराहा। महाराजा अग्रसेन सभा इंद्री के प्रधान पवन सिंगला व सभा सदस्यों ने आए हुए सभी अतिथियों को पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । प्रधान पवन सिंगला ने कहा कि हम सब को महाराजा अग्रसेन महाराजा के जीवन आदर्शो पर चलकर जीवन जीना चाहिए तथा उनके दिखाए मार्ग को अपनाना चाहिए। समाज में भलाई के काम करने चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी समाजवाद के प्रवर्तक थे और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज की एकजुटता व भलाई काम करने चाहिए तथा एक ईंट एक रूपया के सिंद्धात पर चलते हुए समाज के गरीब परिवारों की सहायता करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि हमें महाराजा अग्रसेन जी महाराज के दिखाए हुए मार्ग पर चलकर समाज की सेवा करनी चाहिए। इस मौके पर सभी कार्यकारिणी सदस्य व काफी संख्या मे समाज के लोग मौजूद रहें ।

## मंगलपुर में 54.73 लाख से गलियों व नाले के निर्माण कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ

■ मां अन्नपूर्णा आश्रम मे संगीतमयी श्री राम कथा का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



इन्द्री विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप और करनाल नगर निगम की महापौर रेणु बाला गुप्ता ने मंगलपुर में आंतरिक गलियों व बरसाती पानी निकासी कार्य का उद्घाटन किया। इस परियोजना पर 54 लाख 73 हजार रुपये खर्च होंगे और यह कार्य तीन माह में पूरा किया जाएगा। इस मौके पर वार्ड पार्षद बेबी पाल, निगम इंजीनियर और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि इस निर्माण से मंगलपुर निवासियों का आवागमन आसान होगा और बरसात के पानी की समस्या खत्म होगी। उन्होंने कहा कि सरकार नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। महापौर रेनु बाला गुप्ता ने कहा कि विकास कार्य पारदर्शी ढंग से किए जा रहे हैं और नागरिकों को भी निगरानी में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गलियों और नालों का यह कार्य क्षेत्रीय विकास की दिशा में अहम कदम है। इस अवसर पर वार्ड नंबर 2 के पार्षद प्रतिनिधि नरेश पाल, कुंजपुरा मंडल अध्यक्ष अनिल चौहान, पूर्व जिला महामंत्री सुनील गोयल, संजीव कुमार, रोशन पाल, मुकेश कश्यप, सुदीर पाल, बल सिंह प्रधान और नगर निगम के कार्यकारी अभियंता प्रदीप कल्याण, सहायक अभियंता प्रेम सिंह

## बच्चों को दें भक्ति और सदाचरण के संस्कार

■ मां अन्नपूर्णा आश्रम मे संगीतमयी श्री राम कथा का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

नवरात्रों के शुभ अवसर पर श्री हनुमान सेवा समिति तरावड़ी की ओर से 1 अक्तूबर तक मां अन्नपूर्णा आश्रम मे संगीतमयी श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन की कथा में मुख्य अतिथि के रूप मे श्री राम राईस यूनिट के एमडी रविन्द्र सिंगला समाजसेवी ने ज्योति प्रज्जवालित करके श्री राम कथा का शुभारंभ किया। श्री राम कथा इस कार्यक्रम में श्री अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक राम कथा मर्मज्ञ विद्वान आचार्य प्रहलाद मिश्रा जी रामायणी ने



तरावड़ी। प्रवचन देते कथावाचक।

दूसरे दिन की कथा ने कहा भगवान शिव श्री राम कथा के प्रथम आचार्य हैं उनके द्वारा रामायण का निर्माण हुआ है इसलिए रामायण में शिव विवाह की कथा का वर्णन पहले किया गया है श्री राम तत्व को जानने के लिए जीवन में श्रद्धा और विश्वास का होना परम आवश्यक है विश्वास भगवत भक्ति का आधार है नवरात्रि के अवसर पर आयोजित संगीतमय श्री राम कथा सुनाते हुए मानस मर्मज्ञ पंडित प्रहलाद मिश्रा रामायणी ने देवी पार्वती के जन्म



तरावड़ी। कथा मे उपस्थित श्रद्धालु महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

की कथा सुनाते हुए बताया कि नवदुर्गा मां पार्वती के ही स्वरूप है अहंकार शून्य मैना और अडिगता के प्रतीक हिमाचल के जीवन में श्रद्धा रूपी पार्वती का प्राज्त्य होता है देव ऋषि नारद पुराणों में संवाददाता है और परम संत है। श्रद्धा का जब जन्म होता है तो संत स्वयं पधार जाते हैं राजा हिमाचल समय पूजा करते हैं और बेटी से परिणाम करवाते हैं।

### कथा में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कथा में लाला साधु राम सिंगला, संरक्षक बालकिशन त्रिपाठी, अध्यक्ष अमन शर्मा, संजय सिंगला, महेश गोयल, प्रमोद सिंगला, समाजसेवी मदनलाल सचदेवा, हंसराज पाहुजा, राकेश गोयल, नरेश गाबा पार्षद, अनिल सिंगला, संजय गाबा, अशोक लूथरा, विपिन छाबड़ा, यशपाल शर्मा समाजसेवी, रमेश सचदेवा आदि उपस्थित रहे।

## प्लंबर से 11 तोले सोना और 11.50 लाख नकद बरामद

### टीम ने आरोपी को मीरा घाटी चौक के पास से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला पुलिस की क्राइम यूनिट सीआईए-3 के इंचार्ज निरीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना पर अशोक सैनी पुत्र धनीराम निवासी सैनी कॉलोनी, सेक्टर-16 को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 11 तोले सोने के गहने, एक सोने का सिक्का और 11 लाख 50 हजार रुपये नकद बरामद किए गए।

सहायक उप निरीक्षक राजीव संधू की टीम ने आरोपी को मीरा घाटी चौक से पकड़ा। इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया कि आरोपी एक प्रतिष्ठित स्कूल में करीब 8 साल से प्लंबर के रूप में



कार्यरत था और 28 अगस्त 2025 को उसने वहां से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी को पहले 5 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड पूरी होने के बाद उसे अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



करनाल। पुलिस हिरासत में अभियूक्त। फोटो : हरिभूमि

### असंध पुलिस ने पकड़ा चोरी का माल, दो गिरफ्तार

**करनाल।** थाना असंध पुलिस ने चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों – राजेंद्र उर्फ कोकी पुत्र सत्यवान और निशांत उर्फ नीनू पुत्र सुरेश, निवासी गांव बाहरी – को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में गठित पुलिस टीम ने आरोपियों को मुंड रोड बाहरी असंध से दबोचा। पुलिस ने बताया कि दोनों ने 17 सितम्बर की रात अपने पड़ोसी के घर से अलमारी में रखे सोने और चांदी के कीमती गहने चोरी किए थे। इनके कब्जे से 61 ग्राम सोना और 696 ग्राम चांदी बरामद की गई है। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि दोनों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मुख्य सिपाही राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में गठित पुलिस टीम ने आरोपियों को मुंड रोड बाहरी असंध से दबोचा। टीम की कामयाबी की अफसरों ने की सरहाना।

## अग्रसेन जयंती पर किया भण्डारा जनप्रतिनिधियों ने की शिरकत

### अग्रवाल सभा की ओर से सेक्टर-7 में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

अग्रवाल सभा सेक्टर-7 द्वारा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद, महापौर रेणु बाला गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, समाजसेवी बृज गुप्ता, उद्योगपति शम्मी बंसल, व्यापारी प्रदीप गुप्ता, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पी.के. जैन, निगम पार्षद सुजाता अरोड़ा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभा के प्रधान नीरज अग्रवाल ने जानकारी दी कि अग्रवाल समाज हर वर्ष शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन महाराजा अग्रसेन की जयंती बड़े धूमधाम से मनाता है और इस अवसर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर सभा के महासचिव अमित गर्ग, निवर्तमान प्रधान हरीश अग्रवाल, परियोजना निदेशक विशाल गोयल, संयोजक संजीव बंसल, विजेन्द्र सिंगला, मुकेश सिंगला, अमित गोयल, गौरव गोयल, मुकेश अग्रवाल, योगेश गोयल, सतबीर मित्तल, संजीव गुप्ता, भूषण गोयल, मनोज अग्रवाल, रविनन्दन गर्ग आदि उपस्थित रहे।



करनाल। कार्यक्रम में मौजूद विधायक जगमोहन आनंद व अन्य। फोटो : हरिभूमि




निफा की सिल्वर जुबली पर निकली गई राष्ट्रीय एकता रैली पर उमड़ी भीड़।

### निफा की सिल्वर जुबली पर निकली राष्ट्रीय एकता रैली,

करनाल की सड़कों पर दिखा भारत का संगमहरिभूमि न्यूज़ करनाल। राष्ट्र की सेवा, एकता और अखंडता को समर्पित संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) की सिल्वर जुबली के अवसर पर करनाल की सड़कों पर एक अनोखा नजारा देखने को मिला। भारत के 36 में से 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के करीब 1200 युवा हाथों में तिरंगे लेकर राष्ट्रीय एकता रैली में शामिल हुए। अलग-अलग धर्म, भाषा और क्षेत्र से आए युवा पारंपरिक वेशभूषा में "जोड़ो-जोड़ो भारत जोड़ो, भारत माता की जय, हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई, आपस में सब भाई-भाई" के नारे लगाते हुए आगे बढ़े और विविधता में एकता का अद्भुत संदेश दिया।

## दर्शकों ने पुष्पवर्षा और "जय श्रीराम" के उद्घोष के साथ किया भव्य स्वागत

# श्रीराम का जन्म होते ही पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा

■ रामलीला मंचन के दूसरे दिन का कार्यक्रम भक्तिभाव और आस्था से परिपूर्ण रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

श्री रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के दूसरे दिन का कार्यक्रम भक्तिभाव और आस्था से परिपूर्ण रहा। मंचन की शुरुआत राम जन्म के पावन प्रसंग से हुई। दृश्य के आरंभ में राजा दशरथ और उनकी रानियों द्वारा पुत्रेष्टि यज्ञ का आयोजन दिखाया गया। यज्ञ के मंत्रोच्चारण और वेद पाठ की गूंज से पूरा पंडाल



भक्तिमय हो उठा। हवन यज्ञ में महिलाओं ने भी अपनी आहुति दी और संतान प्राप्ति की कामना करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। इस प्रसंग के बाद राम जन्मोत्सव का दृश्य अत्यंत आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। जैसे ही मंच पर भगवान श्रीराम का जन्म हुआ, पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। दर्शकों ने पुष्पवर्षा कर और "जय श्रीराम" के उद्घोष के साथ इस दृश्य का स्वागत किया।

रामलीला के द्वितीय दिवस पर मंचन का शुभारंभ अर्द्धनारीश्वर किन्नर संगठन की अध्यक्ष भावना



अग्रवाल एवं श्री श्याम साँवरिया परिवार के सदस्यों द्वारा फ़ीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को राम नाम से जुड़ने का संदेश दिया। रामलीला कमेटी और क्लब के सभी सदस्यों ने मुख्य अतिथियों का इस कार्यक्रम में सहयोग हेतु धन्यवाद किया। इसके पश्चात ताड़का वध का मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया गया। गुरु विश्वामित्र द्वारा भगवान राम और लक्ष्मण को आश्रम की रक्षा हेतु ताड़का वध का आदेश देने वाला प्रसंग मंच पर जीवंत किया गया।

### कमेटी अध्यक्ष ने निभाई श्रीराम की भूमिका

विशेष बात यह रही कि भगवान श्रीराम की भूमिका कमेटी के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने निभाई। वे पिछले कई वर्षों से राम का अभिनय कर रहे हैं और उनके भावपूर्ण संवाद, प्रभावशाली अदाकारी तथा चेहरे पर झलकती दिव्यता दर्शकों को वास्तविक राम के दर्शन कराने जैसा अनुभव कराती है। मनीष गुप्ता के मंच पर आते ही दर्शकों की भीड़ जयकारों से गूंज उठी और पूरा माहौल भक्तिरस में सराबोर हो गया। राम जन्म और ताड़का वध, दोनों ही प्रसंगों ने दर्शकों के हृदय को भक्ति और उत्साह से भर दिया। मंचन देखने के लिए क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

## खबर संक्षेप

### तुषार राठी ने स्टेट बैडमिंट में ब्रांज मेडल प्राप्त किया

**समालखा।** गौतम बैडमिंटन एकेडमी समालखा के खिलाड़ी तुषार राठी ने स्टेट बैडमिंट प्रतियोगिता में ब्रांज मेडल प्राप्त किया। गौतम बैडमिंटन अकादमी के डायरेक्टर सनी गौतम ने बताया कि यह प्रतियोगिता कैथल में आयोजित की गई थी। वहीं गौतम ने तुषार को बधाई व उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया है।

### रिश्तेदारों पर अपने घर की दीवार तोड़ने का आरोप

**पानीपत।** पानीपत के गांव निंबरी में दिलबाग पुत्र रामधन ने अपने ही गांव के निवासी व इसके मित्रों और रिश्तेदारों पर अपने घर की दीवार तोड़ने का आरोप है। दिलबाग ने इस मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने इस केस की जांच शुरू कर दी है।

### भव्य शोभायात्रा का स्वागत किया

**पानीपत।** महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा गोशाला मंडी से प्रारंभ होकर सनौली रोड, शिव चौक से होते हुए हुडा सेक्टर 24 स्थित महाराजा अग्रसेन चौक पहुंची। यात्रा के दौरान युवा भाजपा नेता राहुल बंसल एवं ट्रस्ट के उपप्रधान राजपाल बंसल ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बडी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### श्री रामलीला का मंचन किया गया

**पानीपत।** नूरवाला के श्री सनातन धर्म मंदिर के पास श्री आदर्श राम नाटक क्लब द्वारा श्री रामलीला का मंचन किया जा रहा है। इस अवसर पर कपिल शर्मा गर्वित धवन मनु चावला रवि तनेजा विक्की खन्ना, ओम प्रकाश ममता, राकेश हुडिया, संजय धवन, हैप्पी जावा, गुलशन हुडिया, काला जावा, सोनू रावल, सोनू मदान, गुलशन छाबड़ा, नरेश मदान, गौरव गुरदीता आदि उपस्थित रहे।

### महिलाओं का स्वास्थ्य जांचा

**पानीपत।** हरिसिंह कॉलोनी स्थित शहरी स्वास्थ्य केंद्र में आज स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं के लिए चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की 131 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां व उचित परामर्श दिया गया। वहीं शिविर में डा.शिव कुमार, सुदेश कुमारी, एलटी मंजू, सुनील कुमार, एएनएम सोनिया, संतरो, बबीता, राजेश व संजय आदि मौजूद रहे।

### श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ किया

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर, मॉडल टाउन द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव का शुभारंभ सोमवार की रात को धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर मंदिर सभा के प्रधान व वार्ड बीस से पार्षद तरुण गांधी, श्री सनातन धर्म रामलीला के डायरेक्टर एडवोकेट बलजीत कुमार समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### ताड़का वध का मंचन किया

**पानीपत।** पानीपत की बरसत रोड नूरवाला स्थित श्री राम धर्मशाला में श्री राम नाटक क्लब द्वारा श्री रामलीला का 54वां भव्य महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसका उद्घाटन श्रीराम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा, सरदार तेजेंद्र पाल सिंह एवं डीएसपी सुरेश सैनी द्वारा किया गया। श्री राम जन्म के बाद ताड़का वध की लीला का मंचन किया गया। श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस लाल आनंद, महासचिव रामस्वरूप चावला, निर्देशक प्रदीप नवीन, कोषाध्यक्ष कृष्ण मोंगिया आदि उपस्थित रहे।

### चोरी के तीन आरोपी पकड़े, केस दर्ज

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने हुडा सेक्टर 12 में निर्माणाधीन मकान से सरिया चोरी करने के तीन आरोपियों मोहित उर्फ मोंटी पुत्र धर्मपाल निवासी दीनानाथ कॉलोनी, राजकुमार पुत्र सूर्या तिवारी निवासी अमेठी, उत्तर प्रदेश हाल निवासी छोटूराम चौक व सुभाष निवासी कांधला जिला शामली, उत्तर प्रदेश हाल निवासी धूप सिंह नगर को गिरफ्तार किया है।

## पानीपत की सबसे आधुनिक ई-लाइब्रेरी नीटल्स का शुभारंभ

# इंसान की सबसे सशक्त मित्र है पुस्तकें: डॉ. तोमर

पढ़ाई करने के लिए लाइब्रेरी ही सबसे उचित स्थान

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत**

हुडा सेक्टर 13-17 में पानीपत की सबसे आधुनिक ई-लाइब्रेरी नीटल्स (फोकस हब) का शुभारंभ हो गया है, इस लाइब्रेरी में एयर कंडीशनिंग, हाई स्पीड इंटरनेट, फायर फाइटिंग सिस्टम और सुंदर फर्नीचर जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। लाइब्रेरी की संचालक अनिता कादयान ने बताया कि लाइब्रेरी सप्ताह में सातों दिन खुली रहेगी। मुख्यातिथि के रूप में प्रिंसिपल डॉ. विनिता तोमर, दयाल सिंह स्कूल ने कहा कि हर आयु वर्ग के लोगों को किताबों को अपना दोस्त बनाना चाहिए और पुस्तकों का निरंतर अध्ययन करना चाहिए। वहीं, पढ़ाई करने के लिए लाइब्रेरी सबसे उचित स्थान है वहीं, पूर्व प्रधानचार्य सुखजिंद्र कौर ने कहा कि समाज, शिक्षा और राष्ट्र की प्रगति के लिए डिजिटल माध्यम से गुणवत्तापूर्ण अध्ययन अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर सुमन मोर, मधु शास्त्री, विनिता कपूर, उषा, संगीता, सुषमा रावल, सुदेश रावल, तान्या, वृन्दा, खुशबू आदि उपस्थित रहे।


पानीपत। ई-लाइब्रेरी नीटल्स फोकस हब का शुभारंभ करती शिक्षाविद्। फोटो :हरिभूमि

- पुस्तकों का निरंतर अध्ययन करना चाहिए

# जनता की सेवा करने में विफल हुई भाजपा सरकार : मलिक

- मलिक ने अपने सम्मान के लिए सभी का आभार जताया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत**

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक ने कहा कि भाजपा के कुशासन के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। वहीं मलिक, बुधवार को गांव रिसालू, निम्बरी, राजाखेड़ी, कुटानी, उग्राखेड़ी की छत्तीस बिरादरियों के द्वारा आयोजित अपने सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। वहीं मलिक ने अपने सम्मान के लिए सभी का आभार जताते हुए कहा कि कांग्रेस हर वर्ग की पार्टी है। जबकि भाजपा सत्ता के नशे में चूर होकर जनता का शोषण कर रही है। भाजपा सरकार जनता की सेवा करने में विफल हुई। वहीं रमेश मलिक का मलिक गौत्र के सात गांवों के प्रधान राजकुमार मलिक कामरेड सेवा सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता धरमवीर मलिक, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी सचिन कुंडू, पूर्व सरपंच बंटू मलिक, गांव उग्राखेडी के सरपंच सुधीर मलिक, सुरेंद्र मलिक, रामनिवास मलिक, सुरेंद्र मलिक, प्रियांश मलिक, दीपक मलिक, मोहित मलिक, मुकेश मलिक, जगदीश पहलवान, खुशहाल मलिक, रंधीर पहलवान, सरपंच विनोद मलिक, सुरेंद्र मलिक, सुभाष मलिक, मनीष मलिक, नरेश मलिक, राजेश मलिक, कृष्ण प्रजापति, मनोज वाल्मीकि, दीपक खटकड़, बिजेंद्र पूनिया, महेंद्र मलिक, सतेंद्र मलिक, भूपेंद्र मलिक, इंदु मलिक, बलकार फौजी सनेज मलिक, जोगिंदर मलिक, ओमप्रकाश सैनी, सत्यनारायण वर्मा, अमित वाल्मीकि अरुण मलिक आदि उपस्थित रहे।


पानीपत। के गांव उग्राखेडी में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रमेश मलिक का अभिनंदन करते हुए विभिन्न गांवों के ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### शहीदी दिवस पर वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** हरियाणा वीर शहीदी दिवस पर बुधवार को जिला सचिवालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं, कार्यक्रम में जिलेभर के नागरिकों ने वीर एवं स्वतंत्रता सेनानी शहीद राव तुलाराम के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और ज्ञात-अज्ञात शहीदों व वीरों को नमन कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में एसडीएम इसराना नवदीप नैन ने शहीदों को नमन करते हुए उपस्थित जनसमूह को हरियाणा वीर शहीदी दिवस की शपथ दिलाई। शपथ के दौरान सभी नागरिकों ने संकल्प लिया कि वे सदैव देश और हरियाणा की आन, बान और शान की रक्षा करेंगे तथा शहीदों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देंगे।

## जीएसटी कटौती का सीधा लाभ ग्राहकों को देगा नेस्ले

**पानीपत।** नेस्ले इंडिया ने भारत सरकार द्वारा घोषित गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) दरों में बदलाव का स्वागत किया है। वहीं, नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष तिवारी ने कहा कि जीएसटी दर में कटौती भारत के उपभोक्ताओं के लिए एक सकारात्मक कदम है। इससे खपत बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। नेस्ले पिछले 113 वर्षों से भारत का अभिन्न हिस्सा रही है और हमारे लिए उपभोक्ता हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रहे हैं। हम उपभोक्ताओं की सेवा को ही अपना मुख्य उद्देश्य मानते हैं और आगे भी हर संभव तरीके से उनके हित में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

- नेस्ले पिछले 113 वर्षों से भारत का अभिन्न हिस्सा रही है और हमारे लिए उपभोक्ता हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रहे

## ताऊ देवीलाल के सम्मान में ऐतिहासिक होगी इनेलो की रोहतक रैली

- डॉ. नैन ने दावा किया कि रैली में हरियाणा ही नहीं बल्कि दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वे नेता व प्रबुद्ध नागरिक भी भाग लेंगे

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत**

युवा इनेलो के प्रधान महासचिव डॉ. नवीन नैन भालसी ने आरोप लगाया कि रोहतक में इनेलो की ताऊ देवीलाल की याद में 25 सितंबर को रोहतक में आयोजित होने जा रही रैली से कांग्रेसी विशेषकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा व उनके सांसद पुत्र दीपेंद्र हुड्डा बौखला गए है। वहीं डॉ. नैन ने दावा किया कि इनेलो की रैली ऐतिहासिक होगी और ताऊ देवीलाल कमेरे वर्ग के मसीहा था, उन्होंने ताउम्र देश के कमेरे वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं किया, बल्कि कमेरे वर्ग को अधिकारों की प्राप्ति के लिए एकजुट कर मुख्य धारा में शामिल किया। डॉ. नैन ने दावा किया कि रैली में हरियाणा ही नहीं बल्कि दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वे नेता व प्रबुद्ध नागरिक भी भाग लेंगे जो चौधरी देवीलाल के सहयोगी रहे और उनकी विचारधारा पर चल कर देश, समाज व मानवता की सेवा कर रहे है। वहीं, डॉ. नैन ने को इसराना हलके के आधा दर्जन गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को ताऊ देवीलाल की याद में आयोजित होने जा रही रैली का न्यौता दिया।


डॉ. नवीन नैन भालसी


पानीपत। विधायक प्रमोद विज आदि को स्मृति चिंह भेंट करते हुए मंदिर महावीर सभा के पदाधिकारीगण।

### जीवन में धर्म का पालन करें नागरिकः विज

**पानीपत।** मंदिर महावीर सभा का 81वां वार्षिक उत्सव रामायणी चौक पर मनाया गया। इस अवसर पर विशाल बालाजी का जागरण आयोजित किया गया। जिसमें श्रीबालाजी का गुणगान राजेन्द्र शर्मा जागरण पार्टी एवं प्रेम मेहरा द्वारा किया गया। वहीं विधायक प्रमोद विज, महापौर कोमल दिनेश सैनी, पार्षद कमल अरोड़ा, विपिन चुघ एवं प्रीतम गुज्जर, हरीश मल्होत्रा ने विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। सभा के प्रधान सूरज बरेजा, दीना महाराज तथा सभी सम्मानित सदस्यों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इधर, विधायक विज ने कहा कि सभी को ईमानदारी के साथ अपने जीवन में धर्म का पालन करना चाहिए।

## गांवों में बसती है भारत की आत्माः डॉ. मलिक

- प्रतियोगिता में अजंलि प्रथम, ऋतिका द्वितीय, अजंलि तृतीय रही

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत**

आईबी कॉलेज के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित रूरल क्वेश्चनेयर एरीना प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इधर प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण भारत हमारे देश की आत्मा है। जब विद्यार्थी ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं और संभावनाओं को समझते हैं, तभी वे प्रबंधन और वाणिज्य की पढ़ाई को वास्तविक जीवन से जोड़ पाते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता ने छात्रों में समाज के प्रति संवेदनशीलता भी जगाई है। वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने कहा कि हमारा प्रयास हमेशा होता है कि विद्यार्थी केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि वास्तविक जीवन से जुड़कर व्यावहारिक अनुभव भी लें। वहीं, प्रतियोगिता में अजंलि प्रथम, ऋतिका द्वितीय, अजंलि तृतीय रही। विजेताओं को सम्मानित किया गया।


पानीपत। आईबी कॉलेज में विजेता विद्यार्थी प्रसन्न मुद्रा में। फोटो :हरिभूमि

### कुरीतियां बढ़ने से चिंतित है हरियाणा सरपंच एसोसिएशन

**पानीपत।** हरियाणा सरपंच एसोसिएशन अध्यक्ष रणवीर सिंह गिल के नेतृत्व में ने पानीपत जिला के सरपंचों की बैठक गांव इसराना में हुई। वहीं, गिल ने समाज में बढ़ती सामाजिक कुरीतियों पर चिंता व्यक्त की। वहीं गिल ने कहा कि लिव-इन रिलेशनशिप और सम गोत्र या आस-पास के गांवों में विवाह जैसी प्रथाएं समाज के लिए चिंता का विषय हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान कानून के अनुसार कोई भी व्यक्ति किसी से भी विवाह कर सकता है, लेकिन यह सामाजिक मान्यताओं के विपरीत है। गिल ने सुझाव दिया कि कोर्ट मैरिज में माता-पिता, चाचा-ताऊ और भाई-बहन की सहमति अनिवार्य होनी चाहिए।

# अंबाला ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट

- प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न राज्यों से फुटबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत**

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल द्वारा एसजीएफआई फुटबॉल राज्य टूर्नामेंट की मेजबानी की गई। प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न राज्यों से फुटबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहीं, प्रतियोगिता में अंडर 14 के खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का परिचय दिया। यह खेल प्रतियोगिता स्कूल की प्रधानाचार्या सुमिता अरोड़ा के निरीक्षण में आयोजित की गई। वहीं, सुमिता ने कहा कि खेलों का मुख्य उद्देश्य शारीरिक सामाजिक और मानसिक विकास करना तथा अच्छे खिलाड़ियों को तरसना है। इसका लक्ष्य पूरे देश में विभिन्न स्तरों पर खेल प्रतियोगिताओं को आयोजित करना और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देना रहा। स्कूल की प्रधानाचार्या सुमिता अरोड़ा ने सभी विजेता टीमों को उनकी उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई दी और कहा कि सभी खिलाड़ी प्रशंसा के पात्र हैं तथा जीवन में अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। वहीं प्रतियोगिता में प्रथम अंबाला, द्वितीय महेंद्रगढ़ तृतीय हिसार की टीमें रही।


पानीपत। एसजीएफआई फुटबॉल राज्य टूर्नामेंट में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि


पानीपत। कलश त्यागी अपने माता-पिता के साथ प्रसन्न मुद्रा में। फोटो :हरिभूमि

### भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनी कलश त्यागी

**पानीपत।** पानीपत के गांव सनौली खुर्द निवासी कलश त्यागी का भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयन होने से जहां ग्रामीणों में खुशी की लहर है। वहीं कलश त्यागी के घर पर उनके पिता नरेश त्यागी एवं मां सुनीता त्यागी को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। बता दें कि सनौली खुर्द निवासी नरेश त्यागी स्वयं भारतीय सेना के बीएसएफ से सेवानिवृत्त हैं जबकि उनकी पत्नी कलश त्यागी की मां सुनीता त्यागी ग्रहणी है। 25 वर्षीय कलश त्यागी ने बीटेक की पढ़ाई आर्किटेक्ट से की हुई है तथा गत जुलाई में उन्होंने भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए टेस्ट दिया था। जिसमें पास होने के बाद अब वह 25 सितंबर

## बाल विवाह के खिलाफ एकजुट हो रही धार्मिक संस्थाएं

- संस्था अब तक बीस हजार से ज्यादा लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलवा चुकी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत**

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन सहयोगी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया पानीपत समेत हरियाणा के चौदह जिलों में बाल विवाह नामक कुरीति के खिलाफ जोरदार अभियान छेड़े हुए है। संस्था के सदस्य पिछले तीन सालों से जिले को बाल विवाह मुक्त करने का संकल्प लेकर अलग अलग अभियान के जरिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। अब तक स्कूल, कॉलेज, समुदाय, आशा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग व अन्य कार्यक्रमों में शामिल कर उन्हें बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में जोड़ा गया है। जिसमें जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, सरंक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग व अन्य संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान एवं मार्गदर्शन रहा है। संस्था अब तक बीस हजार से ज्यादा लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलवा चुकी है और 18 से कम उम्र की लड़कियों वाले 700 से ज्यादा परिवारों से बाल विवाह न करने के घोषणा पत्र भरवाए गए हैं।


पानीपत। डेरा बाबा बंदा बहादुर के स्वयं सेवी बाल विवाह के खिलाफ जनता को जगारूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### टूटी रेलवे की ओएचडब्ल्यू, ठहर गया रेल यातायात

**पानीपत।** पानीपत के गांव दीवाना के रेलवे स्टेशन के पास अंबाला से दिल्ली रेलमार्ग पर मंगलवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे ओवर हेड वायर टूटने से रेलवे यातायात बाधित हुआ। इस दौरान मेल, एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनें अपने निर्धारित समय से आधे से दो घंटे तक की देरी से चली। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे इंजीनियरों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत कर लाइन को ठीक किया, तब जाकर रेलवे यातायात बहाल हो पाया। वहीं, पानीपत रेलवे स्टेशन के कार्यवाहक अधीक्षक धीरज ने बताया कि दीवाना गांव के पास सुबह साढ़े छह बजे के करीब ओएचई लाइन टूट गई थी। जिसकी जानकारी मिलते ही तुरंत मौके पर इंजीनियरों को भेजकर लाइन को ठीक करवा दिया गया है।

### पुलिस ने रंगदारी मांगने वाले दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने नूरवाला की दीनानाथ कॉलोनी में गत नौ सितंबर की रात घर के बाहर फायरिंग करने के दो आरोपियों आकाश पुत्र बलवान निवासी जावा कालोनी व पिंकू पुत्र कृष्णपाल निवासी इंद्रा कालोनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से पांच देसी पिस्तौल, छह जिंदा कारतूस व एक कारतूस का खोल बरामद किया है। इधर, सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि थाना तहसील कैंप में दीनानाथ कॉलोनी निवासी मोहन उर्फ शिव की शिकायत पर केस दर्ज है। आरोपियों ने मोहन से वॉटसअप कॉल कर 50 हजार रुपये की रंगारी मांगी थी और नहीं देने पर धमकी दी थी।

### कुरीतियों के खिलाफ जागरूक किया

**पानीपत।** हरियाणा आशा वर्कर्स यूनियन ने गांव नारायण में कन्या भ्रूण की हत्या के विरोध में ग्रामीणों को जागरूक किया। वहीं, हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति की नेता संगीता छौक्कर, आशा वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता ने कन्या भ्रूण की हत्या को समाज के लिए कलंक बताया। वहीं, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिला सचिव दीपिका ने बाल विवाह को समाज के लिए अभिशाप करार दिया है। सीटू जिला प्रधान सुनील दत्त, हरियाणा किसान सभा के जिला कोषाध्यक्ष कुंवर सिंह छौक्कर, आशा वर्कर यूनियन की जिला उप प्रधान मनजीत, गांव नारायण की सरपंच के पति दिनेश शर्मा ने कहा कि कन्या भ्रूण की हत्या व बाल विवाह के विरोध में जनता को जागरूक किया जा रहा है।

### भाजपा के कार्यालय का शुभारंभ 25 को

**पानीपत।** भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यन्त भट्ट ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर हुडा सेक्टर 13/17 में नवनिर्मित भाजपा जिला कार्यालय का उद्घाटन समारोह आगामी 25 सितंबर को होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी सतीश पुनिया और जिला प्रभारी अशोक गुर्जर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। जबकि हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, शहरी विधायक प्रमोद विज और समालखा के विधायक मनमोहन भडाना विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

## विजेताओं का राष्ट्रीय जू जितशु प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

# जू जितशु में पानीपत के खिलाड़ियों ने नौ गोल्ड मेडल जीते

बधाई स्वरूप हर विजेता को 5100 रुपये की राशि भेंट किए

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत**

जू जितशु हरियाणा संघ के तत्वावधान में झज्जर में आयोजित सातवीं हरियाणा राज्य सीनियर जू जितशु प्रतियोगिता में परवीन नांदल मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाडियों ने मेडल जीते। वहीं महिला के सीनियर वर्ग में सिम्मी शरिया ने निवाजा एवं फाइटिंग सिस्टम स्पर्धा में स्वर्ण पदक, पुरुष वर्ग में विकास भाटी ने स्वर्ण पदक, अंकित धनिया ने फाइटिंग सिस्टम स्पर्धा में स्वर्ण पदक, निवाजा में कांस्य पदक, निवाजा एवं फाइटिंग सिस्टम स्पर्धा में संजीव तोमर ने दो स्वर्ण पदक, फाइट स्पर्धा में सोहेल व ओम चंद्रा सत्यापति ने स्वर्ण पदक, फाइटिंग सिस्टम व निवाजा स्पर्धा में वाशु बरार स्वर्ण पदक जीत पानीपत का नाम रोशन किया है। फिटनेस कोच परवीन नांदल ने अपने खिलाड़ियों की जीत का श्रेय उनकी मेहनत व खिलाड़ियों का सहयोग करने वाले भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया और उनकी कंपनी तिरुपति हेल्थ केयर को दिया है।


पानीपत। जू जितशु के विजेता खिलाडी अथितियों के साथ प्रसन्न मुद्रा में। फोटो : हरिभूमि

### विजेताओं का स्वागत किया

एशियन चैम्पियन सिम्मी शरिया ने बताया कि तिरुपति हेल्थ केयर से मिली आर्थिक सहायता की बदौलत ही वे एशियन चैम्पियन बन सकी। इधर, नांदल ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों का चयन नौ से बारह अक्टूबर तक उत्तरप्रदेश के सहारनपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सीनियर जू जितशु प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वहीं विजेता खिलाड़ियों का नवीन भाटिया, विजय, चेतन तनेजा, हिमांशु विरमानी, संदीप मलिक, ज्योतिका भाटिया, नवीन मुंजाल आदि स्वागत किया और बधाई स्वरूप हर विजेता को 5100 रुपये की राशि भेंट की।

